<u>समाचार</u>

# <u>अपेक्षित कार्य प्रगति लाने, सम्पूर्ण इच्छाशक्ति से कार्य करें– आयुक्त</u>

<u>(आयुक्त श्री रणबीर शर्मा ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर की कार्यो की समीक्षा, व्यवस्थाओं की बेहतरी हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश)</u>

कोरबा 08 दिसम्बर 2017 –आयुक्त श्री रणबीर शर्मा ने आज निगम के अधिकारियों व अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा है कि कार्यो में अपेक्षित प्रगति लाने, व्यवस्थाओं को बेहतर स्वरूप देने तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा करने हेतु सम्पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें, कार्यो को दौरान उपस्थित होने वाले अवरोधों का त्वरित रूप से निदान करते हुए समयावधि के अंदर कार्य पूर्ण करें तथा जनसमस्याओं के निराकरण संबंधी कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज आयुक्त श्री रणबीर शर्मा ने निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं एवं अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिन कार्यो के संपादन की, जो समयसीमा निर्धारित की गई है, उन्हें तय समयसीमा में अंदर अनिवार्य रूप से पूर्ण करें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कार्यो में अनावश्यक रूप से विलंब न हो। नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की बेहतरी हेतु सम्पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें एवं जनसमस्याओं के निराकरण संबंधी कार्यवाहियों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। बैठक के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा के साथ–साथ उद्यानों में वन साईट कम्पोस्ट पिट, चौक–चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर लिटरबिन्स स्थापना, निगम के वाहनों में जी.पी.एस. सिस्टम व स्पीकर लगाने, स्वच्छता कर्मियों को यूनिफार्म, निर्मित किए गए शौचालयों के जियो टैग, फोटो अपलोडिंग व हितग्राहियों की आधार सीडिंग, एल.ई.डी. लाईटों की स्थिति व स्ट्रीट लाईट व्यवस्था, जलापूर्ति कार्य, साफ–सफाई कार्य सहित विभिन्न कार्यो की कार्य प्रगति की समीक्षा की।

<u>स्मोकलेस की दिशा में सतत मानीटरिंग</u>– बैठक के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने होटल, ढाबों आदि में ईंधन के रूप में कोयले के उपयोग के विरूद्ध निगम द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की तथा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इस दिशा में निरंतर जांच व निरीक्षण की कार्यवाही जारी रखें। जोन कमिश्नरों ने जोनवार जानकारी देते हुए बताया कि होटल, ढाबों में ईंधन के रूप में कोयले का उपयोग किए जाने के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, कोयला उपयोग पर अर्थदण्ड भी लगाया जा रहा है तथा सतत रूप से समझाईश भी दी जा रही है। उन्होने बताया कि बांकीमोंगरा जोन में 12500 रूपये, टी.पी.नगर जोन में 15000 रूपये, कोसाबाड़ी जोन में 9700 रूपये, कोरबा जोन में 2500 रूपये, दर्री जोन में 2200 रूपये तथा बालको जोनांतर्गत 7700 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है, वहीं बालको क्षेत्र में एक ढाबें को भी सील किया गया है।

<u>स्वच्छता एप डाउनलोड प्रगति की समीक्षा</u> – बैठक के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने स्वच्छता एप डाउनलोड किए जाने की कार्यप्रगति की भी समीक्षा की तथा आई.टी.विभाग के अधिकारियों व मैदानी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अधिकाधिक स्वच्छता एप डाउनलोड कराने त्वरित आवश्यक कार्यवाही संपादित कराएं, लोगों तक पहुंचकर उनसे मोबाईल में एप डाउनलोड करने का आग्रह करते हुए इस कार्य में खुद सहयोग कर एप डाउनलोड करवाएं। शासकीय व निजी कार्यालयों, कालेज, शैक्षणिक संस्थाओं, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, संगठनों, से संपर्क कर अधिकाधिक स्वच्छता एप डाउनलोड करायें।

<u>सर्वेक्षण पूर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दें</u>– इस दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के संदर्भ में निगम द्वारा की जा रही सर्वेक्षण पूर्व की तैयारियों की समीक्षा की, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तैयारियों को क्रमशः अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें, की गई कार्यवाहियों का दस्तावेजीकरण करें, स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु उठाए जा रहे कदमों में और अधिक तेजी लाएं, साफ–सफाई कार्यो पर विशेष फोकस करें। निगम के स्वच्छता विभाग व जोन के अधिकारी कर्मचारी साफ–सफाई कार्यो की सतत मानीटरिंग कर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए।

बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता भागीरथ वर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आर.के. माहेश्वरी, एन.उपाध्याय, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, के.पी.दहायत, भूषण उरांव, तपन तिवारी, राजेश पाण्डेय, प्रकाश चन्द्रा, विपिन मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडलअधिकारी डॉ.संजय तिवारी, प्रोग्रामर जमुना नायक, सहायक प्रोग्रामर संकेत शर्मा आदि के साथ निगम के समस्त उप अभियंतागण व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।